**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 19 जून 2024। विश्वविद्यालय के सेवायोजन परामर्श निदेशालय के माध्यम से मैसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा साक्षत्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के चार विद्यार्थियों क्रमशः भाष्कर नौटियाल, सुधांशु जोशी एवं ईशा यादव बी.टेक. इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग तथा इमरान, बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष लगभग 11.50 लाख का पैकेज तथा अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

*1. चयनित विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।*